शशि शेखर
SHASHI SHEKHAR, IAS
सचिव
SECRETARY
Tel : 23710305
Fax : 23731553
E-mail : secy-mowr@nic.in

सत्यमेव जयते

भारत सरकार
जल संसाधन, नदी विकास और
गंगा संरक्षण मंत्रालय
श्रम शक्ति भवन
रफी मार्ग, नई दिल्ली-110 001
GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF WATER RESOURCES,
RIVER DEVELOPMENT AND
GANGA REJUVENATION
SHRAM SHAKTI BHAWAN
RAFI MARG, NEW DELHI-110 001
http://www.wrmin.nic.in

भूमिका

जल एक बहुमूल्य प्राकृतिक राष्ट्रीय संसाधन है जो एक निश्चित मात्रा में उपलब्ध है। देश की जनसंख्या में निरंतर वृद्धि से प्रति व्यक्ति उपयोग योग्य जल की उपलब्धता कम हो रही है, जबकि लोगों के बढ़ते जीवन स्तर, चारों ओर तीव्र औद्योगीकरण और शहरीकरण के कारण स्वच्छ जल की मांग लगातार बढ़ रही है। जल की उपलब्धता और मांग के बीच बढ़ रहे अंतर ने जल के संरक्षण की आवश्यकता को प्रमुख बना दिया है।

राष्ट्रीय जल नीति (2012) जल के संरक्षण पर बल देती है। यह अनुबद्ध किया गया है कि जल के सभी विविध उपयोगों की उपयोगिता दक्षता अधिकतम होनी चाहिए और जल को दुर्लभ संसाधन के रूप में संरक्षित करने के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना चाहिए।

राष्ट्रीय जलविज्ञान संस्थान (एनआईएच) द्वारा 'जल संरक्षण जागरूकता' पर तैयार किया गया प्रशिक्षण मैनुअल सराहनीय है। मैं आशा करता हूं कि यह देश में विभिन्न हितधारकों के लिए जल संरक्षण के उपायों के प्रति जागरूकता पैदा करने व क्षमता निर्माण में एक उपयोगी संदर्भ के रूप में कार्य करेगा।

Shashi Shekhar 20/7/15
(शशि शेखर)